हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 देशभक्ति के रंग में रंगा अंचल, जगह-जगह निकाली गई तिरंगा...



12 सिन्धी समाज की महिला विंग ने लिया सावन मेले का आनंद











**स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए किया गया फाइनल रिहर्सल**

बालोद। जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का सफल एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को अंतिम अभ्यास किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास हुआ।

## खबर संक्षेप

### आज कांग्रेस निकालेगी संविधान यात्रा

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा 14 अगस्त बुधवार को सुबह 10.30 बजे बस स्टैंड गुण्डरदेही से आजादी की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू ने ब्लाक के समस्त पदाधिकारियों को उपस्थित रहने की अपील की है।

### जिला मुख्यालय में दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण

**बालोद।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल 15 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सांसद बघेल 15 अगस्त को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 09 बजे स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण, गार्ड आफ ऑनर एवं राष्ट्रगान किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### चरवाहे ने लगाई फांसी

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम खुटेरी (अचौद) में एक चरवाहे ने बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना 12 अगस्त सोमवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे की बताई जा रही है। ग्राम कुथरेल निवासी महादेव यादव पिता स्वर्गीय माखनलाल यादव 65 वर्षीय ने ग्राम खुटेरी अचौद जाने वाले मार्ग पर गौठान के पास बबूल पेड़ पर प्लास्टिक रस्सी को फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मार्ग पर चलने वाले वाले राहगीरों ने चरवाहे को फांसी के फंदे पर लटके देखा तो तुरंत गांव में आकर उनकी जानकारी दी। साथ ही थाना रनचिराई को सूचना दी गई। पुलिस मौके स्थल पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही भेजा। दूसरे दिन सुबह मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक मृतक महादेव यादव समीपस्थ ग्राम कुथरेल के निवासी था, जो कि पिछले दो–तीन वर्षों से ग्राम खुटेरी में अपने परिवार के साथ रहकर मवेशी चराने का कार्य कर रहा था।

### रसमड़ा के तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम रसमड़ा में नवा तरिया तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरते मिला। रसमड़ा निवासी मढैया निषाद पिता स्व बिसेलाल निषाद ने बताया कि 13 अगस्त को ग्राम रसमडा के नवा तरिया तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में मिला। उसे ग्रामीणों की मदद से तालाब से बाहर निकलवाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों की पता की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35-40 वर्ष, ऊंचाई 5.5 फीट रंग सांवला, चेहरा गोल पानी में डूबने से शरीर पूरा फूला हुआ, हल्कादाढी मूंछ, बाल काला एवं हरा रंग का हाफ टी शर्ट नीला रंग का हाफ पैन्ट जिसमें साइड में दोनों तरफ पीले रंग का पटटी, नीला सफेद चेकदार लूंगी पहना है।

### केंद्र सरकार ने पेयजल प्रबंधन के लिए पीएचई की निगरानी में कंपनी को सौंपा काम

# खारून के पानी से बुझेगी 19 गांवों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

केंद्र सरकार ने 19 गांवों को पेयजल प्रबंधन के लिए खारुन नदी के पानी को फिल्टर और स्टोर कर वितरण की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की निगरानी में ठेकेदार वेस्ट इंडिया कांट्रेक्ट कंपनी भिलाई को कार्य सौंप दिया है।

जनवरी 2024 से प्रारंभ कार्य 12 माह में पूर्ण करने की योजना के साथ प्रारंभ हो गया है। 17 करोड़ 86 लाख 39 हजार रुपए लागत से निर्मित होने वाली पेयजल मिशन का टेंडर अक्टूबर 2023 में हुआ। उक्त जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र बक्शी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत खारुन नदी का पानी फिल्टर होकर पेयजल के लिए परेशान 19 गांवों की प्यास बुझाएगा।

### पाइप लाइन काम चालू

पीएचई एसडीओ जलादुद्दीन खान ने बताया कि ओद्रागहन के पास खारुन नदी का पानी बेलहारी में फिल्टर प्लांट और टेमरी में पानी टंकी बनाकर पेयजल पानी के लिए तंगहाल में गुजारा कर रहे 19 गांवों को आपूर्ति करने सड़क किनारे पाइप बिछाने का काम चल रहा है। काम समय सीमा में पूर्ण होने के लिए द्रुत गति से प्रारंभ है।



**केंद्र सरकार की पेयजल योजना**

जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, पिछड़ा मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिन्हा, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, भगवान चंद्राकर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, भाजपा नेता राजेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार की इस योजना की जानकारी आम जनता को स्वतंत्रता दिवस के उपहार के रूप में मिल रही है, खबर सुनकर पानी के लिए तरसने वाले ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे हैं।

### पेयजल सुविधा लाभान्वित होंगे ये 19 गांव

एसडीओ खान ने बताया कि जमगावआर, बोरवाय, कुम्हलि, औरी, धमना, नवागांव, बटरेल, किकिरमेटा, रिवागहन, अकताई, बेलहारी, ओद्रागहन, चारभाठा, सुरपा, टेमरी, भनसूली, मोहभट्ठा, करेला, बीजाभाठा लाभान्वित होंगे।

### गड्ढों को शीघ्र भरने की मांग

जामगांव आर में भी डामरीकृत सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचई विभाग पाटन के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो चुका है। इसी तारतम्य में मेन रोड से साप्ताहिक बाजार रोड को जोड़ने वाले संगम स्थल पर पाइप डालने गड्ढा खोदे एक सप्ताह बीत गया है। इस गड्ढे के कारण इस व्यस्ततम मार्ग से चार पहियां वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। इससे जन आक्रोश पनपता रहा। हरिभूमि ने इस जन आक्रोश से विभाग के एसडीओ पाटन को अवगत कराए, तब एसडीओ खान ने तत्काल गड्ढे को समतल कराने निर्देश दिए। प्रोजेक्ट मैनेजर पार्थव सारथी राय ने गड्ढे का निरीक्षण किया। विदित हो इसी मार्ग से स्वतंत्रता दिवस की रैलियां निकलती हैं। अधिकारियों ने कहा कि अविलंब गड्ढे को समतल कर दिया जाएगा।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



झलमला-गुरूर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 स्थित ग्राम सांकरा (क) में सोमवार को मोटर सायकल को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इससे मोटर सायकल सवार के सिर में गंभीर चोट आई, घटना में घायल बुजर्ग का हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

- झलमला-गुरूर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 स्थित ग्राम सांकरा (क) में हुई दुर्घटना

मिली जानकारी के अनुसार बुजर्ग दयाराम सोरी 50 वर्ष मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 24 6514 से ग्राम करहीभदर में खाद खरीदने के लिए गया हुआ था। वहां से मोटर सायकल से वापस लौटने के दौरान पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बुजर्ग व्यक्ति के सिर पैर व हाथ में गंभीर चोट आयी है। वहीं दुर्घटना घटित कर कार चालक कार के साथ फरार हो गया। उसके बाद राहगीरों ने मोटर सायकल सवार बुजुर्ग व्यक्ति जो सड़क में बेहोश पड़ा था, उसे राहगीरों ने तत्काल 108 वाहन के माध्यम से गुरूर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहाँ प्रारंभिक इलाज के बाद बुजुर्ग व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल रिफर किया गया है।

वहीं, दुर्घटना को अंजाम देने के बाद फरार कार का नंबर राहगीरों ने देख मोबाइल पर कैद कर लिया है, जिसके आधार पर पीड़ित बुजुर्ग की लड़की दीपा मंडावी ने सड़क दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी सीजी 04 एचबी 2757 के खिलाफ और चालक को गिरफ्तार करने के लिए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# वाहन चालक ने स्वयं पर कार्रवाई से बचने मुझ पर लगाए आरोप : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एसडीएम प्राची ठाकुर पर निजी वाहन में शासकीय फंड से पेट्रोल डलवाए जाने की शिकायत के बाद अब उनके वाहन चालक के ही क्रियाकलापों पर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में स्वयं एसडीएम प्राची ठाकुर ने कहा कि वाहन चालक कमल किशोर अवकाश लेकर परिवार के पास दंतेवाड़ा जाता था। लेकिन वापस आकर वह अनुपस्थित दिवस में भी हस्ताक्षर करता था। एसडीएम ने कहा कि ड्राईवर ने स्वयं लिखित जानकारी दी है कि सरकारी वाहन खराब हो चुका है, चलने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षुब्ध एवं संभावित कार्रवाई से बचने के लिए ड्राईवर कमल किशोर द्वारा मुझ पर आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एसडीएम गुरूर पर आरोप लगाने वाले ड्राईवर कमल किशोर गंगराले पर पहले से ही कई गंभीर आरोप लगे हैं। कहा जा रहा है कि पद से हटाए जाने एवं संभावित कार्रवाई से बचने के लिए ही उसने एसडीएम पर आरोप लगाया है। एसडीएम के अनुसार कमल किशोर का परिवार दंतेवाड़ा में पदस्थ है, जिससे मिलने वह अवकाश लेकर जाता है। अवकाश से आने के बाद वह अनुपस्थिति दिवस में भी उपस्थिति का हस्ताक्षर करता था। इससे उस पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी थी।

- एसडीएम के वाहन चालक ने की थी निजी वाहन में शासकीय फंड से पेट्रोल डलवाने की शिकायत

उस पर यह भी आरोप था कि एक महिला अधिकारी के सामने ही सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करता था। वहीं, पूर्व में विभाग की गोपनीय जानकारी लीक करने का आरोप लग चुका है। इसके कारण उसे पद से हटाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही थी।

### स्वयं दी थी सरकारी वाहन खराब होने की जानकारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राइवर कमल किशोर ने स्वयं लाग बुक एवं डीजल पंजी में लिखित जानकारी दिया है कि सरकारी वाहन चलने के लायक नहीं है। ऐसे में सरकारी वाहन के दुरूपयोग करने के आरोपों की सत्यता संदेह के दायरे में आ गई है। वहीं, सरकारी वाहन खराब होने के कारण एसडीएम द्वारा निजी वाहन का ही उपयोग किया जा रहा था। ऐसे मे ड्राईवर द्वारा लगाया गया आरोप स्वयं ही संदेहों एवं जांच के दायरे में आ गया है।

**शिक्षिका प्रतिभा के मार्गदर्शन में बनाई गई 100 राखियां**

# गोड़ेला स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाई राखी से सजेगी जवानों की कलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश की रक्षा करने सरहद पर तैनात सेना के जवानों के लिए स्कूली बच्चियों ने रक्षासूत्र (राखी) भेजी है। स्कूली बच्चियों ने अपने हाथों से बनाई राखियों को जवानों की कलाई पर बांधने के लिए उन्हें पोस्ट किया।

जिले के अर्जुन्दा तहसील क्षेत्र में स्थित ग्राम गोड़ेला में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला की शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सैनिकों के लिए इस वर्ष 100 राखियां तैयार की गई हैं। इसमें बच्चों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। स्कूली बच्चों ने बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ अपने हाथों से राखियां बनाई।

शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा बच्चों के अंदर देश प्रेम व सह संज्ञानात्मक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए राखी निर्माण कार्य कराया गया व प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इसमें प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार वितरण कर बच्चों की कला का सम्मान किया गया व प्रतिभागी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति सदस्य मंजू टंडन व अध्यक्ष साधना गायकवाड़ उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों का अवलोकन किया और उन्हें को प्रोत्साहित किया। शिक्षिका की इस पहल की संस्था प्रमुख रमेश कुमार हिरवानी व विकासखंड शिक्षाधिकारी नवीन यादव व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू व श्रद्धा ठाकुर ने सराहना की है।





### बच्चियों ने चिट्ठी भी लिखी

स्कूली बच्चियों तान्या, मल्लिका, खुश्बू, अंजली, लक्ष्य व तेजस्वी ने सैनिकों को पत्र द्वारा संदेश भी भेजा। पत्र में लिखा है कि देश की रक्षा करने के लिए सीमा पर तैनात हम सभी की तरफ से राखी के रूप में हम अपने विद्यालय की तरफ से आप सबकी लम्बी आयु की कामना करते हैं। बच्चियों ने सरहद पर तैनात जवानों के लिए हमेशा स्वस्थ व खुशहाल रहने की कामना भी की। राखियों को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला के पूर्व छात्र छत्रपाल बेलचंदन जो वर्तमान में एयर फोर्स बागडोगरा में पदस्थ हैं, वहां के सैनिकों व द कमांडिंग आफिसर पंजाब में हैं,उन्हें भेजा गया।

### ज्ञापन सौंपकर कहा- हमारे क्षेत्र में खदान होने के बाद भी हमें नहीं मिल रहा काम

# साल्हे के बेरोजगार युवकों ने की कलेक्टर से भेंट, माइंस में मांगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के वनांचल क्षेत्र डौंडी विकासखंड के ग्राम साल्हे गांव के 50 से अधिक बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौप माइंस में काम दिलाने की मांग की है। बेरोजगार युवाओं का कहना है उनके गांव के आस पास बीएसपी की खदान है, जहां आस पास के क्षेत्र प्रभावित हुआ है लेकिन क्षेत्र के युवाओं को यहां रोजगार नहीं मिल रहा है।

बेरोजगार युवाओं ने कहा कि ग्राम पंचायत साल्हे से कोकान माइंस महज 200 मीटर की दूरी पर संचालित है। जब से खदान का संचालन शुरू हुआ है तब से अब तक क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को कोकान राजहरा माइंस में रोजगार प्रदान नहीं किया गया, जबकि समय–समय पर कोकान एवं राजहरा माइंस उत्खनन होने पर हमारे ग्राम पंचायत साल्हे द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया जाता है और लौह अयस्क समूह के अंतर्गत राजहरा माइंस, दल्ली माइंस, महामाया माइंस, दुलकी माईस, कलबर माइंस आता है, जिसमें संबंधित पंचायत के बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है और हमारे पंचायत के बेरोजगारों को किसी भी प्रकार से रोजगार प्रदान नहीं हुआ है। युवाओं ने कहा कि पाईलेट प्लांट एवं लौह अयस्क समूह के अंतर्गत प्लांट में रोजगार प्रदान करें।



### ग्रामीणों के साथ बैठक की खबरें

महामाया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों नक्सलियों की गतिविधि बढ़ने और 8 से 10 नक्सलियों के गांव में घूमते दिखे जाने की खबर सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, अब विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा गांव के युवाओं के साथ बैठक कर उन्हें खदान में रोजगार मांगने तथा बाहरी लोगों को माइंस में रोजगार मिलने पर विरोध करने की बातें भी सामने आ रही हैं। हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### कांग्रेस की संविधान यात्रा आज

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अनिला भेंडिया के निर्देशनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंडी लोहारा अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के नेतृत्व में 14 अगस्त को सुबह 11 बजे से संविधान यात्रा निकाली जाएगी। संविधान यात्रा नगर के कांग्रेस भवन से प्रारंभ होगा। यात्रा के दौरान देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यात्रा में तिरंगा ध्वज के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का छायाचित्र तथा प्रिय भजन वैष्णव जन.. के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं उपस्थित होने की अपील की गई है।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### एमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो. में हुआ न्योता भोज

डौंडीलोहारा। एमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो. में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोजन का आयोजन शिवेंद्र बहादुर साहू (व्याख्याता) हायर सेकेंडरी स्कूल संजारी ने अपने सुपुत्र ओम साहू के जन्म दिवस पर किया। इस दौरान 148 बच्चों को हलवा, पूड़ी, दाल, सब्जी चावल परोसा गया। इसके साथ ही सभी शिक्षकों को कलम भेंट की गई। न्योता भोज के अवसर पर प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

बालोद। सन 1947 में हुए विभाजन विभीषिका को लेकर संगोष्ठी, मौन मशाल यात्रा का आयोजन बालोद में 14 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी संजय श्रीवास्तव होंगे। साथ ही प्रदेश के, जिला के, मंडल, मोर्चा के सभी प्रकोष्ठ के, पदाधिकारीगण, स्थानीय संगठन व गणमान्य नागरिक, एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विभाजन के दौरान हुई घटनाओं में मारे गए लाखों हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पूरे जिला मुख्यालय बालोद में मौन मशाल जुलूस निकाला जाएगा। कार्यक्रम 12 से 3 बजे कुर्मी भवन दूध गंगा के पीछे व जुलूस का 3 से 5 बजे स्थान जय स्तंभ से भ्रमण करते हुए जय स्तंभ पर समाप्त होगा।

### दूध गंगा के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र का शुभारंभ कल

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट स्थित कैंटिन में गंगा मैया दूध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति मर्यादित 'दूध गंगा' के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। गंगा मैया दूध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति के अध्यक्ष ने बताया कि दूध गंगा को नए एवं आधुनिक स्वरूप में लाए जाने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए नए एवं आकर्ष पैकेजिंग, नए लोगों डिजाइन एवं टैगलाइन जैसे कार्य किए गए हैं, ताकि प्रदेश में ब्रांड के रूप में विशेष पहचान बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि दूध गंगा के उत्पाद को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दूध गंगा द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी एजेंसी देने की तैयारी की जा रही है।

## निधन

### लोमेश कुमार साहू



गुरूर। ग्राम अरमरीकला निवासी लोमेश कुमार साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व विधायक संजारी बालोद कुमारी मदन साहू के देवर, कुलिन्दा साहू के पति, कोमल साहू व उमराव साहू के भाई, नरेश मदन साहू व बेनी मदन साहू के चाचा तथा केवेन्द्र साहू के पिता थे।

ग्राम पंचायत अरमुरकसा में रीपा योजना के तहत निर्मित भवन में हैदराबाद की कंपनी का कब्जा

# मुफ्त का भवन, फ्री की बिजली, महिलाओं की जगह खुद नोट छाप रही बाहर की कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा




■ स्व. सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने के लिए किया गया था निर्माण

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत अरमुरकसा में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क योजना के तहत निर्मित करोड़ों रुपए के भवन का लाभ स्थानीय ग्रामीणों को न मिलकर छत्तीसगढ़ से बाहर की कंपनी को मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य की सुराजी गांव योजना के तहत ग्रामीण उद्योग एवं उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सदृढ़ कर गांवों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बनाना ही मुख्य उद्देश्य था, किंतु अधिकारियों की उदासीनता व गैर जिम्मेदार होने के कारण ग्रामीण से सहायता समूह के सदस्यों का करोड़ों रुपयों का भवन का लाभ नहीं मिल पाया। वहीं, हैदराबाद की कंपनी उक्त भवन का उपयोग बेखौफ कर रही है। भवन का उपयोग करने के लिए कंपनी ने ग्राम पंचायत अरमुरकसा, जनपद पंचायत डोंडी और जिला पंचायत बालोद से कोई अनुमति नहीं ली है। न कोई एमओयू, न कोई किराया, वहीं बिजली भी मुफ्त मिल रही है, क्योंकि विद्युत कनेक्शन व मीटर सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा के नाम पर है। कंपनी विगत 20 माह से भवन का मालिक बनकर चिक्की निर्माण कर मुनाफा कमा रही है। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा के नाम पर आदर्श गौठान अरमुरकसा में थ्री फेस का विद्युत कनेक्शन लिया गया है। कनेक्शन लेने के लिए शुरू में 18 जनवरी 2023 को राशि जमा की गई है, उसके बाद से आज तक बिजली बिल की राशि जमा नहीं की गई है। विभाग के अनुसार 5 अगस्त तक 91980 रुपए का बिजली बिल बकाया है। लेकिन, ग्राम पंचायत के नाम पर मीटर होने के कारण कनेक्शन भी नहीं काटा जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों के घरों के बिजली बिल एक माह जमा नहीं होने पर विभाग के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं।

### भवन खाली कराने प्रशासन से करेंगे मांग : सरपंच

ग्राम पंचायत अरमुरकसा की सरपंच सरोजबाई ने बताया कि ग्राम के समूह के सदस्यों को स्वरोजगार मिलेगा सोचकर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाने के लिए गांव की जमीन दी गई थी, लेकिन समूह के सदस्यों को तो कोई लाभ नहीं मिला। वहीं, चिक्की निर्माण कंपनी बिना कोई राशि खर्च किए लाभ कमा रही है। चिक्की निर्माण एजेंसी से विद्युत बिल की राशि जमा कराकर भवन को खाली कर ग्राम के समूह के सदस्यों को लाभ दिलाने की मांग शासन प्रशासन से करेंगे। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में डीडी मंडले मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

## गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में शुरू हुई बाल संस्कार शाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कार शाला शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 50 बालक बालिका उपस्थित रहे।

बाल संस्कार शाला के आचार्य भोलाराम साहू, पीलू राम साहू, विरेन्द्र कुमार साहू नियुक्त किए गए। वरिष्ठ गायत्री परिजन केजू राम ईस्दा ने बाल संस्कार शाला के महत्व और आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज को नई दिशा और दशा देना है तो छोटे छोटे बालकों में नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान भरना होगा। अतः यह संस्कार शाला बहुत ही सार्थक सिद्ध होता है। आचार्य पीलू राम साहू एवं विरेन्द्र साहू ने प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से गीत, कहानी, महापुरुषों का प्रेरणा प्रद प्रसंग, जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने के उपाय, योग प्राणायाम आदि के बारे में बताया।

इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक भोलाराम साहू, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, पुराणिक लाल सोरी ,ओमप्रकाश केसरा,तीरथ अटल ,विशम्भर बघमरिया, विदेशी राम चौहान, शिवेंद्र झारिया, मोहन सिन्हा, कैलाश नाथ साहू, तुलसी साहू,सावित्री कंवर,वारुणी दिल्लीवार, याद राम साहू,दारा सिंह भौसार्य,आदि का विशेष सहयोग रहा।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व सांसद भोजराज की मुलाकात

बालोद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग की मुलाकात का वीडियो इन दिनों क्षेत्र में खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। यह भेंट लोकसभा अध्यक्ष द्वारा पूर्व संसद भवन में सांसदों के साथ एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हुई थी।

वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने साथ खड़े सांसदों के समूह के बीच कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग के पास जाते हैं एवं उनका परिचय प्राप्त करते हैं। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने भोजराज नाग से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



## सिन्धी समाज की महिला विंग ने लिया सावन मेले का आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सिन्धी समाज की महिला विंग द्वारा मेले का आयोजन श्री झूले लाल साई की पूजा अर्चना कर प्रारम्भ किया गया, जिसमें कई कार्यक्रम एवं खेलकूद रखे गए। प्रथम पुरस्कार ज्योति बजाज, चाँदनी बजाज, मौली चौनानी, ऋद्धि लछवानी, मेघा चेनानी को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार झूले लाल साई इष्टदेव के भजनों पर नृत्य कर कार्यक्रम का समापन किया गया। अध्यक्षता चांदनी बजाज द्वारा की गई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष तनु जज्ञासी, भारतीय चेनानी, मौली चेनानी, भारतीय लुल्ला, कोमल चेनानी, नेहा चेनानी, हीर नारंग, ममता बजाज, दीपा बजाज, प्राची लालवानी, वंशिका आहूजा, कंचन जिन्दानी, मेघा चेनानी, ज्योति बजाज, सिमरन माधवानी, लवन्या परचानी, प्रिया आहूजा, माही आहूजा, ज्योति ओटवानी ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया एवं आयोजन को सफल बनाया।

## विहिप मातृशक्ति सहित महिला मंडलों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ किया भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सावन मास के चौथे सोमवार को विहिप मातृशक्ति संगठन, एकता महिला मंडल व माँ अम्बे महिला मंडल की बहनों ने बालोद जिला केंद्र स्थित सुख आश्रय वृद्धाश्रम भवन में पहुंचकर रामायण पाठ किया व वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों व महिलाओं के बीच अपनत्त्व का वातावरण बनाकर समय बिताया व उनके साथ धार्मिक गीत व भजन गाए।

सावन का पर्व चल रहा है, लोग महादेव की पूजा अर्चना कर जहां मंदिरों में जाकर जलाभिषेक कर रहे हैं। परिवारजनों के साथ सावन महोत्सव मना रहे हैं। वहीं, विहिप व एकता महिला मंडल की बहनों का यह प्रयास खासकर परिवार जनों से बिछड़े व एकांत में जीवन बसर करने वाले बुजुर्गों के बीच जाकर उनके बीच पारिवारिक माहौल बनाकर खुशियां बाटना वहां रहने वालों के चेहरे में खुशी ले लाया व वे भी भजनों में झूमने लगे, प्रभु वंदना करने लगे। सुख आश्रय वृद्धाश्रम में विश्व हिंदू परिषद की बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन, विहिप जिला उपाध्यक्ष ममता यदु, भारती बांडे, जिला मातृशक्ति सेवा प्रमुख पुनिता मिश्रा आश्रम प्रबंधक भारती सोनवानी, आश्रम की देखरेख में शामिल संतोषी दीदी व पार्वती पिल्लई, मण्डली की सदस्य इंदु साहू, मीनाक्षी, गंगा, तारणी साहू, मोनिका यादव, ममता साहू, मोनिका गंधर्व सहित अन्य महिलाएं शामिल रही अंत में सभी को बिस्किट केला का प्रसाद वितरण किया गया। महिला मंडल की पूजा जैन व ममता यदु ने सभी को इस अवसर पर कहा कि परिवार जनों से दूर रहकर भी आप सभी अपने मन को रामभक्ति शिवभक्ति में लगाये रखे व प्रतिदिन कुछ समय प्रभु की भक्ति में बिताए भगवान की कृपा आप सभी पर बनी रहेगी व जीवन मे मन को शांति प्राप्त होगा।

## कलेक्टर-एसपी सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा रैली



बालोद। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में देश भक्ति से प्रेरित विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम से तिरंगा बाईक रैली की शुरूआत हुई, जो बालोद नगर के स्टेडियम से नया बस स्टैण्ड, जय स्तंभ चौक, घड़ी चौक होते हुए वापस स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में संपन्न हुई। बाइक रैली में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एडीशनल एसपी अशोक जोशी सहित बड़ी संख्या में जिले के अधिकारी–कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर बाईक चलाई। बाईक में तिरंगा लगाकर शहर का भ्रमण किया। इससे पूरे शहर में देश भक्ति का माहौल बन गया।

## प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ ने व्याख्याता एनुका का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के कर्मचारी-अधिकारियों का सम्म्मन किया गया।

इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा की व्याख्याता एनुका शार्वा एनुका को सम्मानित किया गया। उन्हें कैंसर जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे, अध्यक्षता टहल साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ थे। विशेष अतिथियों में भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, ओंकार साहू विधायक धमतरी, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, ईश्वर साहू विधायक साजा, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, संदीप साहू विधायक कसडोल,इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर,दिपेश साहू विधायक बेमेतरा, रोहित साहू विधायक राजिम, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, इंद्र साव विधायक भाटापारा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के सम्माननीय पदाधिकारी और कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। सम्मानित किए जाने पर एनुका शार्वा को तहसील साहू संघ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शिवसेना ने बंग्लादेशी आतंकवाद का किया पुतला दहन



बालोद। शिवसेना बालोद ने बंग्लादेशी आतंकवाद का पुतला दहन किया। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख के नेतृत्व में बालोद के जय स्तंभ चौक पर पर बंग्लादेशी आतताइयों के कृत्यों के प्रति विरोध दर्ज कराते हुए हिन्दू विरोधी बंग्लादेशी आंतकवाद का सांकेतिक पुतला दहन किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर प्रदेश भर में बंग्लादेश के हिंदू अल्पसंख्यकों के समर्थन एवं वहाँ के हिन्दू विरोधी आतंकवाद के खिलाफ़ उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए बंगलादेशी आंतकवाद का पुतला दहन किया। इसके साथ ही शिवसेना द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इस कड़ी में बालोद जिला शिवसेना पार्टी संगठन ने जिला मुख्यालय के हृदय स्थल जय स्तंभ में चौक में बंग्लादेशी आंतकवाद का पुतला दहन किया गया। जिसमें शिवसेना प्रदेश सचिव शंकर चौनानी, जिलाध्यक्ष विजय पारख, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत, जिला पदाधिकारी डाक्टर संजीव कुमार, हर्ष शर्मा, ईसेलाल पटेल, बव्वा साहू एवं बोलबम सेवा समिति पांडे पारा के भाई बहन उपस्थित थे।

## धनेली में हुई मनरेगा मेट संघ की बैठक



गुरूर। ब्लाक मनरेगा मेट संघ गुरूर की मासिक बैठक ग्रामीण साहू सामाजिक भवन धनेली में सम्पन्न हुई। जिसमें विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष तीरथ साहू ने संघ को गति प्रदान करने एवं मेंट साथियों को संघ में शामिल होकर संघ को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया।

ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने भी सभी मेंट साथियों को आगामी बैठक में अधिक संख्या में उपस्थित होने एवं वाउचर से भुगतान लेने के लिए सलाह दी और पुरे ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष तामेश्वर साहू, कामता प्रसाद, प्रेम लाल साहू, वासुदेव, लोकनाथ, गिरधर सोनवानी, तेजराम, भुवन लाल, डेहेर लाल साहू, लोकेश कुमार, रोशन राधवेंद्र, ताराचंद, टोमन लाल, भानुप्रताप, द्रोपती, देवकी विश्वकर्मा, उमा भारती, सोमिन साहू, चुनेश्वरी, मनीषा साहू, वंदना साहू, मीना सिन्हा एवं अन्य मेट साथी उपस्थित हुए।

जनपद पंचायत दुर्ग के क्षेत्र क्र. 21 अंतर्गत पाऊवारा में हुई स्पर्धा

## बोरीगारका ने दूसरी बार जीता ईतवारी चीला तिहार जनपद ट्रापी का खिताब

अंडा। ग्राम पाउऊवारा द्वारा आयोजित ईतवारी चीला तिहार जनपद ट्रापी का खिताब बोरीगारका ने दूसरी बार जीत लिया है। चीला तिहार में जनपद पंचायत दुर्ग के जनपद क्षेत्र क्र.21 के पांच गांव पाऊवारा, बोरिगारका, करगाडीह, कोकड़ी, कोडिया के ग्रामीण शामिल हुए। इन सभी गांव की महिला वर्ग के लिए खेलकूद कबड्डी, नारियल फेंक, फुगड़ी,रस्सी खिंच,फुग्गा फोड़ रखा गया था। इसके साथ-साथ छत्तीसगढी व्यंजन, चीला व्यंजन का भी आयोजन किया गया।

बता दें कि जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी के संयोजन में उनके क्षेत्र में आने वाले गांवों के लिए जनपद ट्राफी खेलकूद का आयोजन किया गया था। उद्धघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री थे। वहीं, पुष्पा यादव जि.पं. दुर्ग अध्यक्ष, देवेन्द्र देशमुख जं. पंचायत अध्यक्ष, वामन साहू सरपंच नंदकुमार सेन, शशि सिन्हा महापौर रिसाली, डिकेन्द हिरवानी नगरपंचायत उतई, झमित



गायकवाड़, जितेन्द्र साहु महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, हर्ष साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समर्पण युवा मित्र मंडल पाऊवारा द्वारा कई वर्षो से इतवारी चीला तिहार जनपद ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन गांव में खेल त्यौहार जैसा माहौल रहता है। खेल देखने के लिए दूर दूर से लोग गांव में आते हैं। सभी के लिए भोजन पानी की व्यवस्था की जाती है।

कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक, फत्तेलाल वर्मा भाजपा उतई मंडल, रोहित साहू जिला मंत्री भाजपा, कामेश साहू, छत्तीसगढिया क्रांति सेना दुरुग ग्रामीण, विमल गजपाल, वामन साहू, दीपक साहू, घनश्याम साहू, गूँजेश्वरी साहू, परमिला साहू, यशवंत सारथी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**ये रहे विजेता:** प्रतियोगिता में व्यंजन प्रथम पुष्पा साहू बोरिगारका, द्वितीय शीतला साहू करगाडीह, कुर्सी दौड़ प्रथम यामिनी बघेल पाऊवारा, द्वितीय ममता साहू बोरिगारका, फुग्गफोड़ प्रथम कामलेश्वरी निषाद कोडिया, द्वितीय जामबाई कोडिया, नारियल फेंक प्रथम गीता साहू पाऊवारा, द्वितीय सोनम बोरिगारका, फुगड़ी प्रथम लक्ष्मी बघेल करगाडीह, द्वितीय वीणा साहू करगाडीह, रस्सी खींच प्रथम बोरिगारका टीम, कबड्डी प्रथम पाऊवारा टीम को मिला। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा महमरा घाट

अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में श्रावण मास के पावन पर्व पर डाक कांवर यात्रा एवं रुद्र महाअभिषेक का आयोजन किया गया सुबह 6 बजे दरबार के सभी भक्तों ने शिवनाथ नदी पहुंच कर नदी में स्नान करके महमरा घाट में पधारे भगवान भोलेनाथ की पूजा की गई। फिर शिवनाथ नदी से जल लेकर दरबार के लक्ष्मण बाबा ने दौड़ना शुरू किया गया फिर एक के बाद एक शिव भक्त लोग डाक कांवर का जल लेकर दौड़ते हुए पूरा महावीर उद्यान पहुंचकर भगवान भुत भावन भोलेनाथ को जल अर्पित किया गया। उसके बाद



11 बजे से पंडित दीपक पाण्डेय भगवताचार्य दमोदा वाले द्वारा विधी विधान मंत्र उच्चारण के साथ रुद्र महाअभिषेक किया गया। जिसमें दरबार के लक्ष्मण बाबा कामेश साहू छत्तीसगढ़ क्रान्ति सेना के विनोद साहू गुलाब साहू राजू यादव विनोद साहू के द्वारा इस महाअभिषेक किया गया। फिर दोपहर 3 बजे से महीला मानस मंडली धनोरा दुर्ग के बहनों द्वारा मानस गान प्रारंभ किया गया जिसमें भगवान आषुतोष भोलेनाथ की कथा सुनाई गई। दोपहर बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...




**Law**
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

**Animation & Visual Effects**
- B.Sc.
- M.Sc.

**Engineering**

M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic

- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

**Journalism**
- MAJMC
- BAJMC

**Hotel Management**
- MHM
- BHM

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

**Library**
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

**Arts/ Science/ Commerce**
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Diploma Courses**
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D.** Available in all Subjects

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

📞 : 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

📍 : Durg (Chhattisgarh)

खबर संक्षेप



## नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का हुआ लोकार्पण

**गुण्डरदेही।** सोमवार को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने देवरी ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम साल्हे में नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया।
इस दौरान विधायक ने कहा कि स्कूल में नवीन भवन बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश भर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलकर शिक्षा का नया इतिहास लिखा। इससे प्रदेश के निम्न आयवर्ग के लोगों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा मिल रही है।

## हरदी शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने हरदेव लाल

**गुण्डरदेही।** शासकीय हाई स्कूल हल्दी में शाला विकास व प्रबंधन समिति के हरदेव लाल सार्वा नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए। बालोद जिला प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित जनप्रतिनिधि हरदेव लाल सार्वा को शाला प्रबंधन व विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
बता दें कि सार्वा इसके पहले संकुल के प्रथम अध्यक्ष व शाला विकास समिति के सदस्य भी रहे। उनकी नियुक्ति पर जीवन लाल साहू, देव कुमार, कुमेश सेन, कमलेश ड़डसेना, टीकाराम सांवरे, सियाराम, प्रहलाद ठाकुर, नरेंद्र निर्मलकर, सुनील साहू, दीनबंधु गजेन्द्र व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमाशंकर ने शिक्षकों से की भेंट



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में सोमवार को नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष उमाशंकर ठाकुर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेमचंद साहू, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला एवं सभी शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## आईजी गर्ग ने किया थानों का निरीक्षण

**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग ने थाना भिलाई नगर और सुपेला का आकस्मिक निरीक्षण किया। भिलाई नगर थाना के नये थाना भवन के लिए स्थान चयन कर उसका प्रांकलन शीघ्र तैयार कर पेश करने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। सुपेला थाने में निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने के जब्ती माल रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, लंबित अपराध, फैमाईश नालिस रजिस्टर चेक किया। पुराने लंबित मामलों का निराकरण सही तरीके से न करने पर चेतावनी भी दी। मौके पर लंबित जब्ती माल, जब्त वाहन का न्यायालय के माध्यम से तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए है।

**आयोजन : गुंडरदेही में भाजपा व युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई बाइक रैली**

# देशभक्ति के रंग में रंगा अंचल, जगह-जगह निकाली गई तिरंगा यात्रा, उमड़ रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

घर घर तिरंगा के तहत भारतीय जनता पार्टी व भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में सोमवार को बाइक रैली निकाली गई। बैडमिंटन ग्राउंड से धमतरी चौक होते हुए चैनगंज, बघमरा से दीनदयाल चौक बस स्टैंड होते हुए पूरे गुण्डरदेही नगर भ्रमण किया गया।

डीजे में देशभक्ति के रंग में डूबे हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ बाइक में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि लोगों के दिल में लोगों की आत्मा में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाने तथा राष्ट्रीय गौरव व एकता की नई भावना को बढ़ावा देने के लिए यह बाइक रैली निकाली गई।

रैली में पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, लेखराम साहू, प्रमोद जैन, ठाकुर राम चंद्राकार, मोहन जैन, अश्वनी यादव, पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, कोमल सोनकर, केशव साहू, प्रकाश सांवरे, प्रकाश चावड़ा, थानमल जैन, साकेत साहू, श्रीकांत वर्मा, सौरभ चोपड़ा, थानसिंह मंडावी, लेखराम साहू, मयंक अग्रवाल, विरेंद्र साहू, चेतन साहू, आशीष साहू, दयाराम सिन्हा, देवा सोनकर, पार्षद टीकाराम निषाद, हरीश निषाद, शंकर यादव, संतोष नेताम, हेमंत सोनकर, संतोषी साहू, सेवक महिपाल, ईश्वर यादव, प्रमोद पटेल, दिलीप मंडावी, नेम लाल यादव सहित सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।





## पीएमश्री जगतरा स्कूल से निकाली गई तिरंगा यात्रा




**बालोद।** पीएमश्री जगतरा स्कूल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान गाँव भ्रमण कर बच्चों द्वारा तिरंगा झण्डा वितरित किया गया। इसमें छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ प्रधानपाठिका खेमलता ठाकुर, अनुपमा चौबै, अन्नुपूण मंडावी, पदमनी साहू, तोरण लाल, सचिव जगतरा सम्मिलित हुए।

## आत्मानंद स्कूल कन्नेवाड़ा के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कन्नेवाड़ा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके तहत स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने तिरंगा यात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। इसमें विनोदनी यादव, कमाक्षी यादव, तरुणलता, दामिनी, जया, डाली, उषा, रितिका, संजय, कोमेश, कातिब, श्रुतु, अरुणा, कीति, श्वेता, स्मति मानिकापुरी एवं समस्त स्टाफ शामिल हुए।

## भाजपा मण्डल डौंडीलोहारा ने बाइक पर निकाली तिरंगा यात्रा

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान एवं प्रदेश भाजपा के एवं जिला के जिलाध्यक्ष पवन साहू के निर्देशन में डौंडीलोहारा में मण्डल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा स्थानीय काली मंदिर से निकाली गई। विभिन्न गांवों से तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल के माध्यम से मंगचुवा,रेगाडबरी,कोडेकसा, दुधली,कोबा,कोचेरा, संबलपुर, खरथुली , कोटेरा सहित,विभिन्न गांवों से रैली निकाली गई। इसमें सभी बुथों के कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, देवेन्द्र जयसवाल जिला उपाध्यक्ष, दिलीप शर्मा कोषाध्यक्ष, जयेश ठाकुर जिला मंत्री, होरीलाल रावटे सहप्रभारी, मण्डल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, जसराज शर्मा,मंडल महामंत्री दारासिंह भौसार्य, संदीप जैन,महावीर साहू हीरालाल ठाकुर,देवदयाल देशमुख,, जयलाल मालेकर, सुरेश देशमुख,जगत पाल सिन्हा,रतन धोसले,प्यारे लाल निषाद, धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, धीरज जैन, संदीप भंसाली, डोमेन्द्र देशमुख,प्रकाश जैन, पुनित देशमुख, जिवराखन कौमार्य सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शैलदेवी महाविद्यालय द्वारा निकाली गई नशामुक्ति रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति के लिए एक विशाल रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस रैली का मूल उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और समाज को नशा मुक्त बनाने में योगदान देना था। रैली में विभिन्न प्रकार के नारों तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता और अंडा ग्राम के स्थानीय नागरिक सहभागी बने। नुक्कड़ नाटक के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नुकसानों पर व्यापक चर्चा की गई और नशा मुक्ति के लिए काम करने वाले संगठनों के बारे में जानकारी दी गई।

# गुण्डरदेही स्कूल की रासेयो ईकाई ने निकाली तिरंगा रैली

**बालोद/कलंगपुर।** विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र व तिरंगा रैली सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही रासेयो ईकाई द्वारा आयोजित किया गया। राष्ट्र के प्रतीक ध्वज के आन, बान, शान व राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न शालाओं, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य एके सेन चौधरी, हेमन्त सोनकर, सौरभ जैन, सेजेस अध्यक्ष लालजीत राजपूत, सूरज यादव, थाना प्रभारी, पुलिस स्टाफ, एनसीसी. आफिसर केके.कोसिमा, एनएसएस अधिकारी केएस. कुल्हारे, मिथिलेश चन्द्राकर, शीतल ठाकुर, आरबी ठाकुर, केएल साहू, हर्ष गुप्ता, अश्विनी साहू, अशोक साहू, संजय शुक्ला विभिन्न शालाओं के शिक्षक, शिक्षिकाएं, जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे। अंत में सभी छात्र–छात्राओं को नशामुक्त देश बनाने व स्वयं को नशा से मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई।




# सहगांव के जनप्रतिनिधियों ने सीएम साय से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत सहगांव के सरपंच सुंदर सिंह यामले, उपसरपंच भूषण लाल देवांगन, सचिव लच्छन लाल पटेल ने अपनी स्थानीय मांग को लेकर लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के समय भाजपा कार्यकर्ता हरीश बर्मन निखिल शर्मा व मनीष राजपूत भी उपस्थित थे। इस अवसर पर टेकाम ने कहा कि मेरे माता पिता ने सदैव आदिवासी तथा वनांचल के लोगों की सेवा की है। पूरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। मैं भी मेरे माता-पिता के नक्शे कदम पर चलकर सदा ही क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा।

# ग्राम मुंदेरा में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती



**बालोद/कलंगपुर।** जय बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान में ग्राम मुंदेरा में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर जय बजरंग मानस मंडली द्वारा रामचरित मानस गान का आयोजन किया गया। व्याख्याकार धीरज राम साहू ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की कथाओं का वर्णन किया। इस अवसर पर कुंजी राम, गणपत राम, श्याम लाल पटेल, गुरु दयाल, उत्तम ठाकुर, किशुन ठाकुर, गेंदालाल, विस्हत राम, गोरख दास, अभय लाल धनकर एवं भगवानी राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्राम कनेरी में तिरंगा यात्रा का किया गया स्वागत



**गुरूर।** ग्राम कनेरी में तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंडल स्तर के पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। ग्राम कनेरी में प्रमुख रूप से जनार्दन सिन्हा, रेखराम पटेल, जानू राम साहू, होरी लाल ठाकुर, मोतीलाल सिन्हा, भक्त प्रहलाद निर्मलकर, विष्णु साहू, गोबरू राम निर्मलकर, युगल किशोर सिन्हा, यशवंत पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, उमा साहू, पद्मिनी साहू, माधुरी साहू, बिसरीबाई साहू, माधुरी पटेल, वेदिका साहू, खुशबू एवं साथी उपस्थित थे।

## कलामंदिर में वसुंधरा सम्मान समारोह आज

**भिलाई ।** संस्कृति विभाग के सहयोग से वसुंधरा, चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन व आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा स्व. देवी प्रसाद चौबे की पुण्य स्मृति में 14 अगस्त को वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कलामंदिर में किया गया है। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**संत ऋषभ सागर जी महाराज ने कहा प्रत्येक क्षेत्र में पात्रता महत्वपूर्ण है**

# बिना पात्रता के धर्म के क्षेत्र में भी प्रवेश एक दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हम अपने को धार्मिक कहते हैं, किंतु जीवन जीने के ढंग में और न ही विचारों में कोई अंतर दिखाई देता है। पूजा पाठ आदि एक धार्मिक क्रिया मात्र है। प्रत्येक क्षेत्र में पात्रता का महत्व है बिना पात्रता के धर्म के क्षेत्र में भी प्रवेश एक दिखावा होता है।

संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने अपने व्याख्यान में धर्म और धार्मिकता पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि धर्म पात्र जीव ही कर सकता है। प्रत्येक जीव में आत्मा होती है और इन समस्त जीवों के प्रति अनुकंपा के भाव यदि नहीं आते तो व्यक्ति धार्मिक नहीं हो सकता, क्योंकि प्रेम करुणा दया सेवा आदि भावों के साथ किया गया कार्य ही धर्म है। हमारी धार्मिक क्रियाएं उथली होती है क्योंकि हम धर्म शरीर के स्तर पर करते हैं आत्मा के उत्थान के स्तर पर नहीं। राग, द्वेष, क्रोध, अहंकार आदि आत्मा के विकार हैं। जिस तरह शरीर की बीमारियां होती है वैसे ही यह आत्मा की बीमारियां हैं और ऐसे विकारों से ग्रस्त व्यक्ति कृपा के पात्र ही होते हैं। इन विकारों से ग्रस्त व्यक्ति किसी भी हद तक गिर जाता है। इसलिए आत्मा के विकारों को दूर करना आवश्यक होता है परमात्मा के बताएं मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धा है, जो भी स्थितियां परिस्थितियों बनती है वह कर्म के प्रभाव से होता है, आस्तिक व्यक्ति में यह स्वीकार्यता का भाव होता है। और जिसमें यह स्वीकार्यता का भाव होता है वह किसी के प्रति भी अपने भाव नहीं बिगड़ता। ज्ञानी कहते हैं भाव बिगड़ने से भव बिगड़ता है। संत श्री ने कहा कि अपने भावों को और भव को सुधारने का अवसर पर्युषण पर आने वाला है। सभी अपने अंदर के विकारों को दूर कर आत्मा को निर्मल बनाने का प्रयास करें।



**व्यक्ति वही करता है, जिसमें सुख है:** प्रत्येक व्यक्ति सुखी होना चाहता है किंतु काम वही करता है, जिसमें दुख है। सुख का मार्ग धर्म से होकर ही जाता है। उक्ताशय के विचार संत महेंद्र सागर जी के शिष्य ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने धर्म और धार्मिकता पर अपने उद्बोधन को आगे बढ़ते हुए कहा। उन्होंने कहा कि धर्म वही कर सकता है जो धार्मिक है और धार्मिक होने के लिए पात्रता आवश्यक है ।हम उसी कार्य में सफल हो पाते हैं जिसमें हमारी पात्रता है ,जैसे कोई डॉक्टर की डिग्री तो ले लिया लेकिन इलाज की पात्रता ना हो तो सफल नहीं हो सकता, इस तरह धर्म के क्षेत्र में भी पात्रता जरूरी है कुछ बातें हैं जो हमें धार्मिक होने से रोकती है जैसे अहंकार रखना, निंदा करना, बातों को गांठ बांध कर रखना ,दूसरों से अपने को श्रेष्ठ समझना, सहयोग की भावना का अभाव होना आदि मानवीय गुणों वाले भावों की कमी होना।

**अधार्मिक व्यक्ति कभी सुखी नहीं होता:** उन्होंने कहा कि अधार्मिक व्यक्ति कभी सुखी नहीं होता, एक सुख के साथ कई दुख जुड़ जाते हैं, कौरव अपार संपदा प्राप्त होने के बाद भी कभी सुखी नहीं रहे क्योंकि वे धर्म के साथ नहीं थे, पांडव अभाव में भी खुश रह सके क्योंकि उनके साथ धर्म था। मन के अंदर के विकार रूपी कांटों को निकाल कर ही धार्मिक हुआ जा सकता हैख धार्मिक व्यक्ति सभी प्रकार के कष्टों को सहकर भी अपने मन के भाव नहीं बिगाड़ते, क्योंकि वे इसे कर्मों का फल मान कर संतोष का भाव रखते हैं। संत श्री ने कहा कि इस चातुर्मास में आत्मा के निर्मलता के लिए अपने विकारों को दूर करने का अभ्यास करें।



स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411